**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. - 143***

**16 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## आयुष में शैक्षणिक अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

***143. श्री घनश्याम सिंह लोधी:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष में शैक्षणिक अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने हेतु कोई पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग को बढ़ावा देने और स्थापित करने के लिए कोई ठोस प्रयास किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पश्चिमी चिकित्सा और आयुर्वेदिक विज्ञान को एक साथ लाने और आयुष चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भी कोई पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 16 दिसम्बर, 2022 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 143* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, आयुष मंत्रालय ने 'आयुष चिकित्सा पद्धति' के क्षेत्र में सहयोग के लिए 24 देश दर देश समझौता ज्ञापनों, 40 संस्थान स्तर के समझौता ज्ञापनों और 15 आयुष पीठ संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षरित अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों की सूची **संलग्नक-क** पर है।

आयुष मंत्रालय विभिन्न अन्य पहलों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ भी विचार विमर्श करता है:

- आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ ने जामनगर, गुजरात में डब्ल्यूएचओ-जीसीटीएम की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके 19.04.2022 को जामनगर, गुजरात में भूमि-पूजन समारोह में भारत के माननीय प्रधान मंत्री, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
- डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा कार्यनीति 2014-2023 के अंतर्गत, पांरपरिक और अनुपूरक चिकित्सा में सेवा प्रावधान संबंधी गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता को बढ़ावा देने के लिए सहयोग हेतु एक छत्रक समझौता ज्ञापन के रूप में 13 मई, 2016 को डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय के बीच एक परियोजना सहयोग करार (पीसीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ के बीच सहयोगात्मक करार (पीसीए) के भाग के रूप में सचिव, आयुष और महानिदेशक, डब्ल्यूएचओ ने संयुक्त रूप से पारंपरिक, अनुपूरक और एकीकृत चिकित्सा एकक, डब्ल्यूएचओ द्वारा विकसित चार डब्ल्यूएचओ बेंचमार्क दस्तावेज लागू किए थे।
- आयुष मंत्रालय ने रोगों के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण -11 संशोधन (आईसीडी-11) के पारंपरिक चिकित्सा (टीएम) अध्याय में दूसरे मॉड्यूल के विकास हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ एक डोनर करार पर हस्ताक्षर किए हैं।
- डब्ल्यूएचओ के सहयोग से "कोविड-19 से लड़ने के लिए जन स्वास्थ्य प्रणाली में आयुष के एकीकरण का आकलन" नामक एक आयुष पीएचएफआई अनुसंधान परियोजना/अध्ययन संचालित किया जा रहा है।
- मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय फार्माकोपिया ऑफ हर्बल मेडिसिन (आईपीएचएम) के कार्य और आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध के लिए डब्ल्यूएचओ शब्दावली के विकास से संबंधित कार्य के लिए डब्ल्यूएचओ मुख्यालय, जिनेवा में विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति की थी।
- मंत्रालय ने एकीकृत स्वास्थ्य सेवा विभाग (आईएचएस) के भीतर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), पारंपरिक, अनुपूरक और एकीकृत चिकित्सा एकक के ग्रेड पी5 पर नियुक्ति के लिए डब्ल्यूएचओ के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं।
- मंत्रालय ने नई दिल्ली में डब्ल्यूएचओ एसईएआर कार्यालय में ग्रेड पी4 की नियुक्ति के लिए डब्ल्यूएचओ के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

आयुष मंत्रालय बिम्सटेक जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों, जिसका पूरा नाम बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टॉरल टेकनिकल एंड इकोनोमिक कॉपरेशन है, के साथ भी सहयोग करता है। इसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड शामिल हैं। बिम्सटेक देशों में पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में विकास और सहयोग के लिए इस मंच के तहत, पारंपरिक चिकित्सा पर बिम्सटेक कार्यबल (बीटीएफटीएम) का गठन किया गया और इसके लिए म्यांमार, नेपाल, बांग्लादेश में बैठकें आयोजित की गईं।

(ख): अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग को बढ़ावा देने और स्थापित करने के लिए निम्नलिखित पहल की गई है:

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था।
- आयुष मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई), जो प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है, के आयोजन के लिए नोडल मंत्रालय है। आईडीवाई का आयोजन कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी), जो योग पोर्टल (yoga.ayush.gov.in) पर प्रत्येक वर्ष सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है, पर आधारित एक सामूहिक योग प्रदर्शन पर केंद्रित है।
- आईडीवाई-2022 का एक प्रमुख आकर्षण "योग: द गार्जियन रिंग" था, जो "एक सूर्य, एक पृथ्वी" की अवधारणा को रेखांकित करता है और योग की एकीकृत शक्ति का प्रदर्शन करता है। सूर्य की गति के साथ-साथ इस योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया था। विभिन्न समय क्षेत्रों में 75 से अधिक देशों के योग कार्यक्रमों का डीडी इंडिया चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया था।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2016 के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों की घोषणा की थी। योग के विकास और प्रचार के लिए योग के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए प्रत्येक वर्ष पुरस्कार दिए जा रहे हैं।
- आयुष मंत्रालय प्रत्येक वर्ष योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित करता है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। अभी तक आयुष मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न भागों में योग पर 05 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। मंत्रालय विभिन्न देशों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलनों के आयोजन का समर्थन करता है।
- आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से एम-योग मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है, जिसे भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 21 जून, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2021 के अवसर पर आरंभ किया गया था।
- आयुष मंत्रालय ने ताज़गी, तनावमुक्ति और पुनः ध्यान केंद्रीकरण के लिए योग का अभ्यास करने हेतु काम के समय से 5 मिनट के ब्रेक को बढ़ावा देने के लिए लोगों के लिए 5-मिनट का योग प्रोटोकॉल आरंभ किया। आयुष मंत्रालय ने इसके लिए वाई-ब्रेक मोबाइल एप्लिकेशन भी विकसित और आरंभ किया।
- मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनवाई), जो आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है, ने योग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित विदेशी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं:

  o डिवाइन वैल्यू स्कूल, इक्वाडोर (डीवीएसई)
  o इंडिया योग सेंटर (आईवाईसी), कोरिया
  o लीडर्स डवेल्पमेंट इंस्टीट्यूट, खेल मंत्रालय, सऊदी अरब

(ग): भारत सरकार ने पश्चिमी चिकित्सा और आयुर्वेदिक विज्ञान को एक साथ लाने के लिए निम्नलिखित पहल की हैं:

• भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 एकीकृत स्वास्थ्य परिचर्या की बहुलवादी प्रणाली में आयुष की क्षमता को मुख्यधारा में लाने की पुरजोर वकालत करती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 'चिकित्सा बहुलवाद' की एक नई भाषा का उपयोग करती है और आयुष को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अनुसंधान और शिक्षा में एकीकृत करने की आवश्यकता पर पुनः बल देती है।

• 2015-16 में आयुष मंत्रालय ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयुष चिकित्सा पद्धतियों को राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और आघात की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के साथ एकीकृत करने के लिए एक परियोजना आरंभ की थी। यह परियोजना छः राज्यों के एक-एक जिले में लागू की गई अर्थात कृष्णा जिला (आंध्र प्रदेश), सुरेंद्र

नगर (गुजरात), भीलवाड़ा (राजस्थान), लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश), गया (बिहार) और दार्जिलिंग (पश्चिमी बंगाल)।

- आयुष सेवाएं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन विभिन्न नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपलब्ध कराई जाती हैं।

• आयुष सेवाएं रक्षा मंत्रालय के अधीन डीजीएएफएमएस के तहत 12 अस्पतालों और 37 छावनी बोर्ड अस्पतालों में तथा 5 रेलवे अस्पतालों में उपलब्ध कराई जा रही हैं।

• आयुष मंत्रालय ने देश में आयुष को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना विकसित की है, जिसके तहत आयुष के विकास और संवर्धन के लिए विभिन्न प्रावधान हैं जैसे आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र, पीएचसी, सीएचसी और डीएच में आयुष सुविधाओं का सह-स्थापन, मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन, 10/30/50 बिस्तर तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना, आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों/एडऑन पीजी/फार्मेसी/पैरा-मेडिकल कोर्स आदि का अवसंरचनागत विकास।

• एनएमसी द्वारा एमबीबीएस के लिए इंटर्नशिप इलेक्टिव के रूप में आयुष मॉड्यूल शुरू किया गया है

• अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के परामर्श से इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) द्वारा अतिरिक्त योग्यता के रूप में आयुर्वेदिक नर्सिंग-रेजीडेंसी प्रोग्राम में एक पोस्ट बेसिक डिप्लोमा तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष की है और पाठ्यचर्या को इंडियन नर्सिंग कांउसिल (आईएनसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पहल की गई हैं:

• मंत्रालय ने आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) के संवर्धन की केंद्रीय क्षेत्र योजना विकसित की है, जिसके तहत आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद पर्व, वेबिनार, कार्यशालाओं/सम्मेलनों/संगोष्ठियों, आयुष मेलों, राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर के आरोग्य मेलों का आयोजन/भागीदारी/समर्थन किया है।

• आयुष मंत्रालय ने आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी योजना) के संवर्धन की केंद्रीय क्षेत्र योजना विकसित की है, जिसके तहत आयुष मंत्रालय आयुष उत्पादों और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय आयुष विनिर्माताओं/आयुष सेवा प्रदाताओं को सहायता प्रदान करता है; आयुष चिकित्सा पद्धति के अंतर्राष्ट्रीय संवर्धन, विकास और मान्यता को सुगम बनाता है; आयुष में अकादमिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करता है।

• मंत्रालय ने बाह्य देशों के साथ पारंपरिक चिकित्सा और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग के लिए 24 अलग-अलग देशों के साथसमझौता ज्ञापनों, 40 संस्थान स्तर के समझौता ज्ञापनों और 15 आयुष पीठों संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

- आयुष मंत्रालय ने 34 बाह्य देशों में 38 आयुष सूचना प्रकोष्ठों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की है।
- आयुष मंत्रालय ने अपने अंतर्राष्ट्रीय फैलोशिप/छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत विदेशी नागरिकों को भारत में मान्यता प्राप्त आयुष संस्थानों में आयुष पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 260 आयुष छात्रवृत्ति सीटें प्रदान की हैं।
- आयुष मंत्रालय ने आयुष उत्पादों/औषधियों के साथ-साथ आयुष सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आयुष निर्यात संवर्धन परिषद (आयुषेक्सिल) की स्थापना का समर्थन किया है।

- आयुष मंत्रालय न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी आयुष चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक/इलेक्ट्रॉनिक/प्रिंट मीडिया की ताकत का सक्रिय रूप से उपयोग करता है।
- 2016 में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने सूर्य नमस्कार पर स्मारक डाक टिकट जारी किया।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्मारक के रूप में सिक्के लॉन्च किए।

*****

**संलग्नक-क**

**विदेशी भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित शैक्षणिक अनुसंधान समझौता ज्ञापनों की सूची निम्नलिखित है:**

**क. देश दर देश स्तर के समझौता ज्ञापन**

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | समझौता ज्ञापन का उद्देश्य | भारतीय भागीदार |
|---|---|---|---|
| 01 | बोलीविया | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 02 | इक्वेटोरियल गिनी | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 03 | जर्मनी | वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 04 | हंगरी | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 05 | ईरान | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 06 | मलेशिया | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 07 | मॉरीशस | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 08 | मंगोलिया | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 09 | बांग्लादेश | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 10 | कोलंबिया | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 11 | क्यूबा | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 12 | गाम्बिया | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 13 | नेपाल | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 14 | साओ टोम और प्रिंसिपे | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 15 | ट्रिनिडाड और टोबैगो | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 16 | तुर्कमेनिस्तान | योग और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 17 | म्यांमार | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 18 | गिनी गणराज्य | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 19 | डब्ल्यूएचओ | चिकित्सा की आयुष प्रणाली पर परियोजना सहयोग समझौता | आयुष मंत्रालय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | ज़िम्बाब्वे | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 21 | सूरीनाम | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 22 | ब्राज़ील | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 23 | ताइवान | पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |
| 24 | सेंट विंसेंट और द ग्रेनाडाइन्स | पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में सहयोग | आयुष मंत्रालय |

**ख. संस्थान से संस्थान स्तर के समझौता ज्ञापन**

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | विदेशी भागीदारी संस्थान | भारतीय आयुष संस्थान | आयुष का विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरीका | मिसिसिपी विश्वविद्यालय, | सीसीआरएएस, सीसीआरयूएम, सीसीआरएस, सीसीआरएच, सीसीआरवाईएन | आयुष |
| 2 | यूके | एकीकृत चिकित्सा के लिए रॉयल लंदन अस्पताल | सीसीआरएच | एकीकृत चिकित्सा |
| 3 | कनाडा | ओंटारियो का होम्योपैथ कॉलेज (सीएचओ), कनाडा | सीसीआरएच | होम्योपैथी |
| 4 | अमेरिका | यूनाइटेड स्टेट्स फार्माकोपिया कन्वेंशन और फार्माकोपिया कमीशन ऑफ इंडियन मेडिसिन | पीसीआईएम एंड एच | - |
| 5 | अर्जेंटीना | यूनिवर्सिडैड मैमोनाइड्स, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना | सीसीआरएच | होम्योपैथी |
| 6 | इजराइल | तेल अवीव सोरास्की मेडिकल इंस्टीट्यूट (टीएएसएमसी), इज़राइल का मेडिकल रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हेल्थ सर्विसेज फंड | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 7 | कनाडा | एडमोंटन, अल्बर्टा, कनाडा में स्थित एकीकृत स्वास्थ्य संस्थान द्वारा प्रतिनिधित्व के रूप में अल्बर्टा विश्वविद्यालय के गवर्नर | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 8 | मलेशिया | यूनिवर्सिटी टुंकू अब्दुल रहमान, कोआलालम्पुर, मलेशिया | एनआईए | आयुर्वेद |
| 9 | अमेरीका | संयुक्त राज्य अमेरिका के होम्योपैथिक फार्माकोपिया कन्वेंशन (एचपीसीयूएस) | पीसीआईएम एंड एच, सीसीआरएच | होम्योपैथी |

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | विदेशी भागीदारी संस्थान | भारतीय आयुष संस्थान | आयुष का विषय |
|---|---|---|---|---|
| 10 | जर्मनी | साइंटिफिक सोसाइटी फॉर होम्योपैथी (विसहोम), जर्मनी | सीसीआरएच | होम्योपैथी |
| 11 | ब्राज़ील | फेडरेल यूनीवर्सिटी ऑफ रियो डी जेनेरियो (एफयूआरजे), ब्राजील | सीसीआरएच | डेंगू पर संयुक्त अध्ययन किया जाएगा। |
| 12 | जर्मनी | यूरोपियन एकेडमी ऑफ आयुर्वेद (बिरस्टीन), (आरईएए) जर्मनी | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 13 | इजराइल | सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव मेडिसीन सेंटर, शारेजेडेक मेडिकल सेंटर, जेरूसलम, इज़राइल | सीसीआरएच | होम्योपैथी |
| 14 | ऑस्ट्रेलिया | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (एनआईआईएम), ऑस्ट्रेलिया | सीसीआरएच | होम्योपैथी |
| 15 | यूके | कॉलेज ऑफ मेडिसिन (यूके) | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 16 | ऑस्ट्रिया | मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ़ ग्राज़, ग्राज़ ऑस्ट्रिया | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 17 | ताजिकिस्तान | राज्य शैक्षिक प्रतिष्ठान "ताजिक राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय का नाम अबुअलीइब्न सिनो" | सीसीआरयूएम | यूनानी चिकित्सा |
| 18 | अमेरीका | स्पाउल्डिंग रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल, यूएसए | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 19 | जर्मनी | न्यूरोलॉजी और पूरक चिकित्सा विभाग, लूथरन, अस्पताल हैटिंगेन, जर्मनी | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 20 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टर सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 21 | इक्वाडोर | डिवाइन वैल्यू स्कूल, इक्वाडोर (डीवीएसई) | एमडीएनआईवाई | योग |
| 22 | हंगरी | यूरोपीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान (ईआईएएस), हंगरी की स्थापना के इरादे पर डेब्रेसेन विश्वविद्यालय, हंगरी (यूडी) | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 23 | वेस्ट इंडीज | वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय | एनआईए | आयुर्वेद |
| 24 | अमेरीका | हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, बोस्टन, यूएसए | सीसीआरएएस, सीसीआरयूएम, सीसीआरएस, सीसीआरएच, सीसीआरवाईएन | कोविड 19 पर अनुसंधान परियोजना आयुर्वेद |

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | विदेशी भागीदारी संस्थान | भारतीय आयुष संस्थान | आयुष का विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | एआईआईए | |
| 25 | जापान | शिमाने विश्वविद्यालय, जापान | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 26 | जर्मनी | फ़िज़, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 27 | बांग्लादेश | हमदर्द विश्वविद्यालय बांग्लादेश | सीसीआरयूएम | यूनानी |
| 28 | अमेरीका | ओसीसीएएम, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग, संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 29 | जर्मनी | इंस्टीट्यूट फॉर सोशल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी एंड द हेल्थ इकोनॉमिक्स, चैरिटी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर, बर्लिन जर्मनी | सीसीआरएएस | आयुर्वेद |
| 30 | जर्मनी | इंस्टीट्यूट फॉर द हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन, रॉबर्ट बॉश फाउंडेशन, स्टटगार्ट, जर्मनी | होम्योपैथी | होम्योपैथी |
| 31 | सऊदी अरब | लीडर्स डेवलपमेंट इंस्टीच्यूट, खेल मंत्रालय सऊदी अरब | एमडीएनआईवाई | योग |
| 32 | अर्जेंटीना | फ़ंडासिओन डी सालुड आयुर्वेद प्रेमा, अर्जेंटीना | आरएवी | आयुर्वेद |
| 33 | ब्राज़ील | फ्यूचर विजन इंस्टीट्यूट, ब्राजील और साओ पाउलो विश्वविद्यालय ब्राजील | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 34 | चू डे ला रीयूनियन | ला रीयूनियन में यूनिवर्सिटी जनरल अस्पताल - चू डे ला रीयूनियन | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 35 | ब्राज़ील | द फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ रियो डी जेनरियो (यूएफआरजे) और द ब्राजीलियन एकेडमिक कंसोर्टियम फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ (सीएबीएसआईएन), ब्राजील | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 36 | फिलिपींस | फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव हेल्थकेयर, फिलीपींस | एनआईए | आयुर्वेद |
| 37 | कनाडा | यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क, कनाडा | एआईआईए | आयुर्वेद |
| 38 | रोमानिया | रोमानियाई सोसाइटी ऑफ मेडिसीन | सीसीआएस सूरज आयुर्वेद क्लिनिक और अनुसंधान केंद्र पुणे | आयुर्वेद और सिद्ध |
| 39 | डब्ल्यूएचओ | आयुष के लिए पीएचएफआई- कोविड-19से लड़ने लिए जन स्वास्थ्य प्रणाली में आयुष के एकीकरण का आकलन नामक एक डब्ल्यूएचओ-पीएचएफआई सहयोगात्मक परियोजना। | सीसीआरएएस पीएचएफआई | आयुर्वेद |

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | विदेशी भागीदारी संस्थान | भारतीय आयुष संस्थान | आयुष का विषय |
|---|---|---|---|---|
| 40 | कोरिया | भारत योग केंद्र (आईवाईसी) | एमडीएनआईवाई | योग |

**ग. पीठ संबंधी समझौता ज्ञापन**

| क्र. सं. | विदेशी भागीदार देश | भागीदार देश | भारतीय सहयोगी संस्थान | आयुष चेयर स्ट्रीम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मॉरीशस | मॉरीशस विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 02 | लातविया | लातविया विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 03 | बांग्लादेश | हमदर्द विश्वविद्यालय में यूनानी चेयर | सीसीआरयूएम | यूनानी पीठ |
| 04 | मलेशिया | विश्वविद्यालय टुंकू अब्दुल रहमान (यूटीएआर) | आईटीआरए | आयुर्वेद पीठ |
| 05 | ऑस्ट्रेलिया | पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय (एनआईएसएम) | एआईआईए | आयुर्वेद पीठ |
| 06 | मेक्सिको | यूनिवर्सिडाड ऑटोनोमा डी न्यूवो लियोन | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 07 | अर्जेंटीना | इंस्टीट्यूटो यूनिवर्सिटारियो डेल ग्रान रोसारियो की सरकार और फंडाकियोन डी सालुद आयुर्वेद प्रेमा की सरकार, | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 08 | स्लोवेनिया | प्रोमोस्र्का विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 09 | हंगरी | डेब्रेसेन विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 10 | थाईलैंड | रंगसिट विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 11 | इंडोनेशिया | उदयन विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 12 | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टर्न केप यूनीवर्सिटी | सीसीआरयूएम | यूनानी पीठ |
| 13 | ट्रिनिडाड और टोबैगो | वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |
| 14 | आर्मीनिया | येरेवन स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी (वाईएसएमयू) | सीसीआरएच | होम्योपैथी पीठ |
| 15 | रूस | पीपुल्स फ्रेंडशिप यूनिवर्सिटी | सीसीआरएएस | आयुर्वेद पीठ |